क्विक हिल सायबर स्वयंसेवकों की टीम तैयार की जाएगीः दाणी



ब्यूरो । भंडारा. क्विक हिल फाऊंडेशन तथा पुणे सायबर सेल, महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में जे.एम.पटेल महाविद्यालय में सायबर जागरूकता सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विभागीय पुलिस अधिकारी डा. अशोक बागुल प्रमुखता से उपस्थित थे। सायबर विश्व में व्यक्ति का आचरण कैसा हो? क्या सावधानियां बरतनी चाहिए? सायबर अपराधों के विषय में डा. अशोक बागुल ने विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य विकास ढोमणे ने विद्यार्थियों को इंटरनेट, मोबाइल एवं अन्य उपकरणों को नैतिकता से प्रयोग करने पर मार्गदर्शन दिया।कार्यक्रम की प्रस्तावना क्विक हिल फाऊंडेशन की मुख्य कार्यकारी सुगंधा दाणी ने दी। उन्होंने बताया कि, सायबर सुरक्षा को लेकर क्विक हिल सायबर स्वयंसेवकों की टीम तैयार की जाएगी। जो शाला में जाकर प्रशिक्षण देगी। इस अवसर पर सायबर सेल के पुलिस निरीक्षक राहुल देशपांडे ने विद्यार्थियों को सायबर धोखाधड़ी, सेक्सटार्शन जैसे अपराधों के विषय में बताया। कार्यक्रम के समापन पर कम्प्यूटर विभाग प्रमुख डा.प्रवीण घसेकर का सभी ने आभार व्यक्त किया। इस समय क्विक हिल फाऊंडेशन के विदर्भ समव्ययक नागेश तलारी, धनंजय जाचक , सायबर सेल के भंडारा के दिनेश आंबेडारे, गौतम राऊत उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डा.कार्तिक पणिकर, डा. श्रीधर शर्मा, डा. सबाह नसीम, प्रियंका शर्मा, पलाश फेड्डेवार, डा. वीणा ढोमणे, डॉ शाम डफरे लावण्या माने आदि उपस्थित थे

'श्रावणधारा' कवि सम्मेलन ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

ब्यूरो | भंडारा. विदर्भ साहित्य संघ शाखा भंडारा तथा सार्वजनिक वाचनालय भंडारा के संयुक्त तत्वधान में इंद्रराज सभागृह में 'श्रावणधारा' कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया था। कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थान पर नागपुर के गजलकार लोकराम शेंडे थे।

प्रमुख अतिथि के रूप में उपन्यासकार व कवि प्रा. भगवंत शोभणे, समीक्षक नाटककार डा. सुरेश खोब्रागडे, ज्येष्ठ कवि अर्चना मोहनकर, सार्वजनिक वाचनालय के सहकार्यवाह डा. जयंत आठवले, विदर्भ संघ शाखा भंडारा के अध्यक्ष डा. गुरूप्रसाद पाखमोडे आदि उपस्थित थे। इस समय डा. सुरेश खोब्रागडे ने कवि और कविता के भूमिका संदर्भ में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कवि मनोज सुमित्रा, पंकज डहाके, अमृत बन्सोड, डा. विद्या ठक्कर, मंगला डहाके, स्वाती सेलोकर, अर्चना गुरवे, पूनम डहाके, ललिता पटले, नीलकंठ रणदिवे, अर्चना मोहनकर, डा. सुरेश खोब्रागडे ने एक से बढ़कर एक कविता प्रस्तुत की। इस समय विविध कवियों ने अपनी कविता व्दारा विचार व्यक्त किए। कवि लोकराम शेंडे ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कवि की प्रतिभा की जानकारी दी। इस कार्यक्रम का संचालन नरेश आंबिलकर ने किया। कवि सम्मेलन का संचालन डा. जयश्री सातोकर ने किया। प्रास्ताविक विवेक कापगाते ने किया व आभार प्रदर्शन डा. गुरूप्रसाद पाखमोडे ने माना। कवि सम्मेलन का संयोजन प्रमोद अणेराव ने किया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए ग्रंथपाल घनश्याम कानतोडे, अमित गोसेवाडे, महेश साखरवाडे, सुधीर खोब्रागडे, दिनेश हरडे ने अथक परिश्रम किया।

बिजली आपूर्ति के लिए नया ट्रान्सफार्मर लगाने की मांग

ब्यूरो । भंडारा .भंडारा तहसील के पिपरी निवासी किसान भाऊ कातोरे के खेत की बिजली आपूर्ति 14 अगस्त से बंद है। इस विषय में लाइनमेन को बार बार सूचना देने पर भी बिजली आपूर्ति शुरू ना करने के कारण आखिरकार किसान ने विभाग के मुख्य कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

पिपरी पुनर्वसन ग्राम निवासी किसान भाऊ कातोरे की साहुली ग्राम परिसर में खेती है। जहां पर ट्रान्सफार्मर में कुछ खराबी आने के कारण खेत परिसर की बिजली आपूर्ति बंद है। इस विषय में सावरी कार्यालय के लाइनमेन को बार बार बताया गया। लेकिन लाइनमेन का कहना है कि नया ट्रान्सफार्मर लगाने के लिए पर्याप्त मात्रा में सामना उपलब्ध नहीं है । ज्ञापन सौंपते समय साहुली के सरपंच दुर्गेश माहुले, संदीप तितिरमारे, भाऊ कातोरे समेत अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।